### सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भारत माता की जय, प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद के लगे नारे

# पन्नीलाल चौक में बटी मिठाई... भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी कर मनाया जश्न... हर कोई खुश









हरिभूमि न्यूज सतना। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों का बदला भारत सरकार ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर ले लिया है। सेना की इस कार्रवाई की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। बुधवार की सुबह यहां के पन्नीलाल चौक इलाके में एकत्रित होकर लोगों ने खुशी का इजहार किया और मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। उधर,भरहुत नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आतिशबाजी करके जश्न मनाया गया। इसके अलावा शहर के हर एक इलाके और जिले में सर्जिकल स्ट्राइक की खुशी मनाई जा रही है। हर एक नागरिक खुश है। लोग सेना की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे हैं।

## सुहाग उजाड़ने वालों को सरकार ने नेस्तनाबूत कर दिया

सुबह के लगभग 10 बजे थे पानी लाल चौक में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे। इस दौरान हरिभूमि के इलेक्ट्रॉनिक न्यूज़ चैनल आईएनएच से चर्चा करते हुए लोगों ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री की भी जमकर तारीफ की। यहां पर नागरिकों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान नागरिकों ने कहा कि जिन आतंकवादियों ने सुहाग उजाड़ा था उन्हें आज भारतीय सेना ने नेस्तनाबूत कर दिया है।भाजपा जिला कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी लोकसभा सांसद गणेश सिंह एवं जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार महापौर योगेश ताम्रकार की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय भरहुत नगर में जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओ ने हाथों में भारत का झंडा लेकर भारत माता की जय,भारतीय सेना जिंदाबाद,सुन ले बेटा पाकिस्तान,बाप है तेरा हिन्दुस्तान,मोदी है तो मुमकिन है आदि नारे लगाए तथा आतिशबाजी कर भारतीय सेना का हौसला बढ़ाया। मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद आतंकी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है।इस अवसर पर लोकसभा सांसद गणेश सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के 15 दिनों बाद हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है जिसमे 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए।आगे उन्होंने कहा कि आतंकी हमले के बाद पूरा देश हमारी ओर देख रहा था जिसका हमारे जांबाज व वीर सैनिकों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों को माकूल व मुंहतोड़ जवाब दिया। मोदी जी पर देश की140 करोड़ जनता का विश्वास कायम है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों पर आतंकियों ने कायराना हमला कर उनकी नृशंस हत्या कर भारतीय महिलाओ का सिंदूर उजाड़ा था उसी तर्ज पर हमारी वीर व जांबाज सेना के जवानों ने अपनी जान पर खेल कर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर कर उन विधवा महिलाओं के सिंदूर का बदला लिया और पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को स्वाहा किया। हमे हमारी सेना पर गर्व है एवं भारत में मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रवादी व मजबूत सरकार की बदौलत यह सम्भव हो पाया है।

### हिंदू पर्व समन्वय समिति ने मनाया जश्न

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक के बाद हिन्दू पर्व समन्वय समिति द्वारा कृष्ण नगर चौराहे में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया। यहां पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और भारत माता की जय बोलते हुए भारतीय सेना की प्रशंसा की।

### बम्हनगवां में मनाई गई खुशी

ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने खुशियों का किया इजहार किया।भारत माता की हुई जय जयकार लगाते हुए डॉ राकेश मिश्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर,करके पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना के इस ऑपरेशन से पूरे देश में खुशी का वातावरण निर्मित हो गया है। सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने नगर के नेह निकुंज बम्हनगवां रीवा रोड स्थित कार्यालय में मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की संप्रभुता की रक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को फिर से सिद्ध किया है: ओमकार मिश्रा

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** युवा समाजसेवी ओमकार मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक भावनात्मक और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित बयान जारी करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के अद्धितीय साहस और समर्पण को नमन किया। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि भारत अपनी सुरक्षा, स्वाभिमान और अखंडता के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। थल सेना,वायु सेना और नौसेना के वीर जवानों ने जिस साहस और समन्वय का परिचय दिया है,वह हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। उन्होने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## एक चुटकी सिंदूर की कीमत अब तुम भी जानोगे पाकिस्तान : श्याम लाल



**हरिभूमि न्यूज सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने पाकिस्तान को लेकर एक तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा एक चुटकी सिंदूर की कीमत अब तुम भी जानोगे पाकिस्तान। श्रीगुप्ता ने कहा कि भारत की मातृभूमि और नारी सम्मान को लेकर किए गए एक भावनात्मक वक्तव्य के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी बेटियों और माताओं के सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा,और कोई भी दुश्मन देश इसे हल्के में न ले। उन्होंने देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि बताया।

## पहलगाम में कुछ लोगों की हत्या नहीं देश की आत्मा पर हमला था : सांसद



**हरिभूमि न्यूज सतना।** पार्टी की कामकाजी व आगामी कार्यक्रमों की तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कि बीते दिनो पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे कुछ लोगो की हत्या नही हुई थी बल्कि देश की आत्मा पर हमला हुआ था। देश मे पहली बार ऐसी कायराना घटना हुई थी जिसमे धर्म पूछकर लोगो की हत्या की गई थी। उन्होने कहा कि आतंकियो का उद्येष्य देश में दंगे कराना था। सांसद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिये सरकार और सेना ने बता दिया कि हिन्दुस्तान अब ऐसी कायराना हरकतो को बर्दात करने वाला नही है। सांसद ने वक्फ बोर्ड कानून को लेकर कहा कि विभिन्न मोर्चा और संगठनों के जरिये सरकार इस कानून की खूबियों को बता रही है वक्फ कानून पहले चंद लोगो की आय का जरिया बन गया था उसका दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होने कहा कि इस कानून की भ्रान्तियों को दूर करते हुए मुस्लित समाज के लोगो को अवगत कराकर उन्हे अपने साथ जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अषोक गुप्ता,बालेन्द्र गौतम,जिला मंत्री संजीव द्विवेदी, श्रीकृष्ण द्विवेदी,दीपनारायण सिंह,सुभम तिवारी,जान्हवी त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष जयप्रताप गुप्ता,सह कोषाध्यक्ष अनिल सचदेव,कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी,सह कार्यालय मंत्री अभिषेक तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू सह मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र सिंह राठौर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी प्रमोद दुबेदी धर्मेंद्र सिंह आकांक्षा सिंह अजय दुबेदी कार्तिकेय दुबेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रियंक त्रिपाठी शैलेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भारतीय सशस्त्र बलों की कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर सराहनीयः अजय कुमार सोनी



**हरिभूमि न्यूज सतना।** सतना शहर कांग्रेस जिला महामंत्री अजय कुमार सोनी, ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद सरकार द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर सराहनीय कदम है। पाक और पीओके में भारतीय सशस्त्र बलों की कार्यवाही की अजय ने सराहना की। अजय सोनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है वहीं से भारत के खिलाफ आतंकी हमले की साजिश रचकर संचालित किया जाता था। पीओके और अन्य जगहों के नौ आतंकी ठिकाने उड़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी देशहित में सरकार को समर्थन का वादा किया है। अजय सोनी ने कहा कि यह कार्यवाही 26 निर्दोषों की हत्या का सही बदला है। देश हित की प्रतिबद्धता के चलते कांग्रेस भी इस पूरे एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करती है।

## ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार के आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति की पुष्टि : डॉ अभय



**हरिभूमि न्यूज सतना।** भाजपा जिला संगठन प्रभारी डॉ अभय प्रताप सिंह यादव ने भारतीय सेना के पराक्रमी वीरों को नमन करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अटूट संकल्पशक्ति का प्रतीक है,आतंक के अड्डों पर सटीक और साहसिक प्रहार भारतीय सेना का राष्ट्र की रक्षा में अद्विितीय शौर्य प्रदर्शित करता है। आतंक के लिए नए भारत में कोई स्थान नहीं है। डॉ अभय प्रताप सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी सरकार के आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं,पर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं। पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत उदाहरण है।

## ऑपरेशन सिंदूर श्रद्धांजलि की सुबह सेनाओं का साहस पर देश को गर्वः धर्मेश

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा।भारतीय थल सेना,वायु सेना और नौसेना द्वारा किया गया यह संयुक्त अभियान आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए देश की सेनाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की तीनों सेनाओं ने जिस समन्वय,शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है,वह हर भारतीय को गर्व और सम्मान से भर देता है।कांग्रेस पार्टी शुरू से ही आतंकवाद के खिलाफ कड़े रुख की पक्षधर रही है। जब देश पर खतरा हो,तब दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता का परिचय देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी सैनिकों के साहस,रणनीतिक कुशलता को नमन करती है।साथ ही यह अपेक्षा करती है कि केंद्र सरकार इस सैन्य अभियान की सटीक जानकारी देश को पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराए,ताकि जनता के मन में कोई भ्रांति या राजनीतिक भ्रम न फैले। कांग्रेस का यह स्पष्ट मानना है कि आतंकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होता वह सिर्फ मानवता का दुश्मन होता है।आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को हर हाल में समर्थन मिलना चाहिए,बशर्ते वह सैन्य और राष्ट्रीय हितों के आधार पर हो,न कि राजनीतिक लाभ के लिए।राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध जो भी सामने आयेगा उसे भारत की सेनाओं के पराक्रम से परिणाम भी भुगतना ही होगा।जिला कांग्रेस कमेटी ,मैहर भारतीय सेना के साथ खड़ी है और शहीदों के परिवारों को हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। यह वक्त एकजुटता और देशभक्ति के जज़्बे को प्रकट करने का है। हमे अपनी सेना पर गर्व है।

## हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में प्रावीण सूची के छात्रों का सम्मानित किया गया

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मैहर जिले के 4 छात्र-छात्राओं का सम्मान बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड के द्वारा किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिह,एसडीएम विकास सिंह,आरती सिंह सहायक संचालक शिक्षा गिरीश अग्निहोत्री समेत छात्र-छात्राएं,अभिभावक तथा शिक्षक उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### पेयजल संकट और बेटी की बारात पिता की चिन्ता त्वारित कार्यवाही से 70 परिवार एवं बरातियों को मिला पानी



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम कुड़ई ग्राम पंचायत बिलाही में पेयजल संकट है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की वैठक के दौरान महिला सदस्यो ने वताया की स्कूल के मोहल्ला के लगभग 42 परिवार दिन भर पानी की जददेजहद में लगे रहते है। गांव में दो कृतीन हैन्ड पम्प है जहां से पानी काम चालाउ मिल रहा है। पंचायत ने प्रयास कर हैन्ड पम्प में मोटर डलवाया लेकिन पानी कम होने से मोटर जल गया । लगभग 148 परिवार के लोग हैन्ड पम्प एवं कुओं पर निर्भर है। समिति की मींटिंग में पता चला की गांव में अहिरवार मोहल्ले में वरात आनी है लेकिन हैन्ड पम्प खाराब है। समिति एवं संस्था के सदस्यो ने पीएचईडी के इंजीनियर अनिरूद्ध कुमार चैवे एवं स्थानीय मकैनिक से सम्पर्क कर तुरंत सुणारने का आग्रह किया और हैन्ड पम्प सुधर गया । इंजीनियर चैवे ने कहा की पानी वरात को मिलगा आज ही सुधरेगा हैन्ड पम्प । पंचायत मित्र दिनेश, पूर्व सरपंच केशव प्रसाद यादव, सचिव, संतोष कुमार शुक्ला वेटी के पिता नोने लाल अहिरवार की पानी की चिन्ता खत्म हुई।। सरपंच ने तैयार किया था टैंकर लेकिन पीएचईडी के त्वारित कार्यवाही से वरातियो एवं मोहल्ले में पानी की व्यावस्था हो गई। पानी के संपूर्ण समाधान की कार्ययोजना भी सचिव और समिति ने वना ली है उस पर एक सप्ताह में काम हो जायेगा । गांव के लोगो ने समर्थन के कार्यकताओ को फोन पर जानकारी दी एवं खुशी जाहिर की ।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10वीं के आधार पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्गत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके प्रथम चरण में टी एफ़ डबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है । पंजीयन की प्रक्रिया 1 जून की रात 11रू45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश 10वीं के आधार पर होगा, इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुये तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है।

### संभागायुक्त की अध्यक्षता में हुई मॉनीटरिंग समिति की प्रथम बैठक

# पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य में बनेगा ईको सेंसिटिव जोन

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को मड़ला स्थित कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाईगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई। भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 5 जून 2024 को इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके लिए गठित समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त डॉ. रावत सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जायसवाल, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक के दौरान ईको सेंसिटिव जोन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर, सहायक संचालक हरमन त्रिपाठी सहित केन-बेतवा लिंक अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने ईको सेंसिटिव जोन का नोटिफिकेशन जारी होने के उपरांत आयोजित मॉनिटरिंग कमेटी की प्रथम बैठक में कहा कि निर्धारित कार्य योजनानुसार ईएसजेड के लिए आगामी कार्यवाही की जाए।



इसमें पन्ना, छतरपुर एवं दमोह जिले के 67 ग्रामों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप अनुसार आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करने व 2026 तक जोनल मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मॉनीटरिंग कमेटी के माध्यम से विभिन्न मुद्दों के निराकरण और प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सेंसिटिव जोन के संबंध में जारी निर्देशों के तहत तीन प्रकार के उपाय किए जाना हैं, जिसके तहत पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दौरान ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नवीन उद्योग स्थापना पर भी रोक रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल व रिसोर्ट संचालित होंगे। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसमें रैन वॉटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं पौधरोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। बैठक में नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक द्वारा ईको सेंसिटिव जोन के बारे में जनजागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लॉन की आवश्यकता तथा विभिन्न प्रस्तावित जरूरी कार्यों व आवेदनों के निराकरण सहित समिति में विशेषज्ञों की नियुक्ति के संबंध में अवगत कराया गया। केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन के दृष्टिगत निर्धारित एसओपी का पालन कर इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों को भी अवरूद्ध किए बगैर समन्वय से जरूरी कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद द्वारा बैठक एजेण्डा और ईको सेंसिटिव जोन के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

## गुखौर के मजदूर परिवारों के बच्चों ने रचा इतिहास, बदहाल स्कूल को भी दिलाई उम्मीद







**हरिभूमि न्यूज देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत गुखौर गांव के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। अधिकांशतः दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों ने तमाम आर्थिक और शैक्षणिक संसाधनों की कमी के बावजूद इस वर्ष जबरदस्त परिणाम दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गुखौर हाई स्कूल के 54 विद्यार्थियों में से 53 सफल हुए, जिनमें 6 छात्रों ने 90ः से अधिक अंक हासिल कर गांव और स्कूल का नाम रोशन किया।

#### टॉपर्स की सूची-

शिवराम कुशवाहा ने 97.2ः, रामकृष्ण कुशवाहा ने 96ः, नैंसी कुशवाहा और दीपांशी दहायत ने 93.6ः अंक अर्जित किए, जबकि पूनम कुशवाहा ने 90.6ः और प्रियांशु कुशवाहा ने 90.5ः अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरे क्षेत्र में इन बच्चों की सराहना हो रही है। विद्यालय के सरपंच मोजी लाल वर्मा और पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा ने विद्यालय परिवार को बधाई दी और शिक्षकों की मेहनत तथा समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया। विषय शिक्षकों में कृष्ण कुमार शुक्ला (सामाजिक विज्ञान), शैलेंद्र जैन (गणित), अनुराधा पटेल (हिंदी) और मुकेश पांडे (संस्कृत) के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और सभी विषयों में 100ः पासिंग रिकॉर्ड कायम रखा। हालांकि इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय की बदहाल स्थिति भी चर्चा में आ गई है। करीब ढाई सौ छात्र संख्या वाले इस स्कूल में मात्र दो से तीन कमरे हैं, जहां बच्चों को अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करनी पड़ती है। लंबे समय से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामवासियों का कहना है कि बच्चों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर इच्छाशक्ति और मेहनत हो तो संसाधनों की कमी भी आड़े नहीं आती। अब पूरा गांव आशान्वित है कि शासन इस उपलब्धि को गंभीरता से लेगा और जल्द ही बेहतर भवन और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मंजूरी देगा। इस सफलता ने न सिर्फ गुखौर गांव बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया है।

## स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल चंपतपुर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** अध्यनरत छात्रा लेखिनी सिंह 97.6 प्रतिशत, अमित साहू 92.02 प्रतिशत, रिसिका गर्ग 90.02 प्रतिशत प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं 12वीं का रिजल्ट घोषित होने पर पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल चंपतपुर में अध्यनरत छात्रा हमारे खोरा के पूर्व सरपंच रामधाम सिंह लोधी की भतीजी कु. लेखिनी सिंह पिता मलखान सिंह निवासी खोरा ने दसवीं में सर्वाधिक अंक 97.6 प्रतिशत प्राप्त करने पर राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा एवं लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के द्वारा बच्ची को सम्मानित



किया गया। साथ ही रिसिका गर्ग पिता संजय कुमार गर्ग का परीक्षा परिणाम 500 में से 451 अंक अर्जित कर 90.02 प्रतिशत, एवं अमित साहू पिता पुरषोत्तम साहू ने 500 में से 461 अंक अर्जित कर 92.02 प्रतिशत रहा। विद्यालय के शिक्षक गण एवं अपने परिजनों सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेटी कैसे उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है साथ ही लक्ष्य परिवार पन्ना ने बेटी की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कुमारी प्रियांशी का सुयश



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें अनेक छात्र छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं तथा विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है इसी प्रकार गरीब परिवार की लड़की प्रियांशी रैकवार के पिता। राकेश रैकवार तथा मां प्यारी बाई रैकवार है जिन्होंने कक्षा 12वीं में 91ः अंक अर्जित करते हुए विद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है ।

### शासकीय उमावि पगरा के छात्रों ने मंडल परीक्षा 2025 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज अमानगंज।** क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा के छात्र-छात्राओं ने मंडल परीक्षा 2025 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें कक्षा 10वीं में (1) अंजलि राजा-96.6ः(2) दुर्गा सेन-93ः(3) श्रधा सिंह राजपूत-92.8ः कक्षा 12 वीं में (1) विपिन विदुआ-76.4ः (2) अंजलि पटेल-76ः(3) मीनाक्षी पाठक-74.8ः अंक प्राप्त किए। विद्यालय की सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्राचार्य के0 पी0 पाल एवं शिक्षकों- सुरेंद्र सिंह पटेल, शिवचरन प्रजापति, राहुल चैरसिया, पूनम सिंह, शिव प्रसाद लोधी ,मोहनी सक्सेना, आकांक्षा उर्मलिया, राजेश राठौर, रतनेश दहायत ,पूनम तिवारी, ज्योति गुप्ता, निधि पाठक, स्वाति तिवारी,रामप्यारे द्विवेदी, रूबी सिंह बागरी, अरविंद सिंह राजपूत, समीना बेगम,बलराम साहू, प्रीति पटेल, जगदीश अहिरवार, राजीव कवीरपंथी, आदि सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

## सीएम राईस विद्यालय अजयगढ के छात्र-छात्राओं का अव्वल रहा प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज पन्ना। बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट आते ही सीएम राईस विद्यालय अजयगढ के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। प्रदेश स्तरीय मेरिट में विद्यालय के होनहार छात्रों ने अपना परचम लहरा दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा कु. चंचल विश्वकर्मा ने प्रदेश में नौवां स्थान तथा कक्षा 10वीं के छात्र महेंद्र यादव ने भी नौवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार जनों का सम्मान बढ़ाया। जिससे विद्यालय परिवार एवं नगर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।**

विद्यालय में कक्षा 10वीं में महेद्र यादव पुत्र श्री नरवद यादव ने 98.4ः, अजीत सिंह पुत्र श्री रामकेश लोध ने 97.4ः, कु. महक यादव पुत्री मुनीष यादव ने 97ः अंक अर्जित करके विद्यालय स्तर में अपनी कक्षा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 12वीं कला समूह की छात्रा कु. चंचल विश्वकर्मा पुत्री बिंदादीन विश्वकर्मा ने 96.2ः, कु माही जड़यिा पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार जड़यिा ने 93.8ः, कु. इरम फ़रिदौस पुत्री श्री हशीर शाह ने 93ःअंक प्राप्त कर विद्यालय में अपनी कक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 12वीं के विज्ञान समूह (बायो ग्रुप )में अजय कुमार वाजपेयी पुत्र श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 81.4ः अंक अर्जित कर अपने समूह में प्रथम स्थान पर रहा। गणित समूह में राम कौशल अवस्थी पुत्र श्री कौशल अवस्थी ने 90.6ः अंक प्राप्त कर अपने समूह में विद्यालय में अव्वल रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की गयी। सीएम राईस विद्यालय प्राचार्य श्री वीरेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा उक्त छात्रों को प्रत्यक्ष एवं फ़ोन द्वारा बधाई दी गयी।

## गुनौर में प्रशासन की लापरवाही से भीगा हजारों क्विंटल अनाज, किसानों को भारी नुकसान की आशंका



**हरिभूमि न्यूज गुनौर।** जिले में बीते दो दिनों से चल रही तेज आंधी-तूफान और सोमवार को हुई जोरदार बारिश ने प्रशासन की पोल खोल दी है। खराब मौसम की आशंका के बावजूद कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए, जिसका खामियाजा अब किसानों और सरकार दोनों को भुगतना पड़ रहा है। डिघोरा उपार्जन केंद्र सहित कई उपार्जन केंद्रों में खुले में रखा हजारों क्विंटल गेहूं और मसूर बारिश में भीग गया। डिघोरा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 18,000 क्विंटल गेहूं पानी में भीग गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों ने बताया कि वे लगातार प्रशासन को खराब मौसम की चेतावनी दे रहे थे, लेकिन उपार्जन केंद्रों में न तो तुलाई की व्यवस्था रही और न ही भंडारण की। कई। जगह तो कांटा बंद था, और कई स्थानों पर रखने की जगह नहीं होने का बहाना बनाकर अनाज की तुलाई ही नहीं की गई। अनाज की बर्बादी का एक प्रमुख कारण परिवहन व्यवस्था का समय पर न होना रहा। उपार्जन केंद्रों पर खरीदे गए अनाज को गोदामों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसियों की होती है, लेकिन परिवहन की सुस्त रफ्तार के चलते हजारों क्विंटल अनाज कई-कई दिनों तक खुले में पड़ा रहा। समय पर परिवहन हो जाता तो अनाज को बारिश से बचाया जा सकता था। स्थिति इतनी गंभीर है कि पूरे जिले में करीब 2 लाख क्विंटल अनाज खुले में पड़ा है। अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रशासन की निष्क्रियता और किसानों की पीड़ा अब सबके सामने है। सवाल उठता है कि आखिर समय रहते इंतजाम क्यों नहीं किए गए, और जिम्मेदार अधिकारियों पर कब तक कार्रवाई नहीं होगी?

## थाना सिमरिया के मोहन्द्रा चौकी क्षेत्र में अवैध शराब का भंडारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चैकी प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं बिक्री हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान एवं एसडीओपी पन्ना राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगतपाल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरुप दिनांक 7 मई 2025 की दरमियानी रात को मुखबिर द्वारा चैकी प्रभारी मोहन्द्रा उपनिरी स्मिता सिंह बघेल को सूचना दी गई कि ग्राम अतरहाई कुवरपुर करिया रोड पर दो व्यक्यि अवैध शराब लिये खडे है। जो कही जाने की फिराक मे है, चैकी प्रभारी मोहन्द्रा द्वारा मुखबिर सूचना की जानकारी थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक श्री जे पी सिंह को दी गई जो थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को मुखबिर



सूचना से अवगत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित की गई उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार अतरहाई मोड कुवरपुर करिया रोड पहुँची तो दो व्यक्ति अपने दो प्लास्टिक की बोरिया रखे दिखे । पुलिस को अपनी तरफ आता देख दोनो लोग भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा दोनो संदेहियों से उनके नाम पता पूँछे गये जिन्होने अपने अपने नाम मुकेश कुर्मी एवं दूसरे ने अपना नाम रामकेश कुर्मी दोनो निवासी अतरहाई का होना बताये जिनके पास रखी बोरियो को चैक किया गया जो दोनो बोरियो मे कुल 7 पेटी अवैध शराब देशी मदिरा प्लेन, देशी मसाला तथा अंग्रेजी गोवा शराब एवं एक प्लाष्टिक की पन्नी मे 14 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 354 क्वाटर कुल शराब मात्रा करीब 63.72 लीटर कुल कीमती करीबन 33960 रुपये की एवं आरोपीगणो की तलाशी पर दो अदद जिओ कंपनी के कीपेड मोबाईल फोन एवं 3150 रुपये नगद होना पाये गये । पुलिस टीम द्वारा मौके पर उक्त शराब को जप्त किया जाकर आरोपीगणो को गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध क्र 184/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । गिरफ्तार आरोपीगणो को पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया है ।

#### नाम पता आरोपीगण -

1. मुकेश कुर्मी निवासी अतरहाई 2. रामकेश कुर्मी निवासी अतरहाई थाना सिमरिया जिला पन्ना म प्र

#### सराहनीय योगदान-

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया जगतपाल सिंह, चैकी प्रभारी मोहन्द्रा उपनिरी स्मिता सिंह बघेल, प्रआर अनिल गर्ग, रवि पाठक, प्रआर चालक अमृत तोमर, आर. राहुल पटेल एवं अजय प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त टीम के कार्य की प्रशंसा की गई।

## खबर संक्षेप

### छात्रावासों में कोचिंग पढ़ाने हेतु अनुभवी शिक्षक करें आवेदन

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** अनु. जाति महाविद्यालयीन सीनियर छात्रावासों में अंग्रेजी विषय एवं उत्कृष्ट छात्रावासों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषय के शासकीय संस्थाओं में अध्यापन कराने वाले योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के वर्ष 2025-26 के लिए छतरपुर जिले में संचालित शासकीय अनूसूचित जाति बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कोचिंग पढ़ाने के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर ने बताया कि 15 दिवस के अंदर कोचिंग पढ़ाने के इच्छुक शिक्षक सादा कागज पर संबंधित संस्था प्रमुख से सहमति, योग्यता का प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं अन्य योग्यता एवं शिक्षण कार्य का अनुभव प्रमाण सत्यापित छायाप्रति संबंधित प्राचार्य से अनुशंसा कराकर कर्यालयीन समय में जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय छतरपुर में जमा कराये।

### गर्मी के दृष्टिगत लू की संभावना से बचाव और उपचार संबंधी निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा जिले में वर्तमान परिस्थिति में अत्याधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा हो सकती है। जिसके लिए आम जन को लू (तापघात) से बचाव संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए है।

**लू से बचाव के लिए क्या करें**

गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के डील सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिएं एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अदर आने से रोके। जहाँ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत एवं अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड, गर्म घुटन भरे कमरों में ना जायें। रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अति आवश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाडी में अकेला न छोडे। धूप में नंगे पाँव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पादाथों का सेवन न करें।

**लू लगने के लक्षण -**

गर्म लाल और सूखी त्वचा होना, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फॉरेनाइट से अधिक होना, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द होना, मांशपेशियों में कमजोरी या ऐठन,सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होना आदि।

**लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के तरीके -**

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर, कपडे ढीले कर लिटा दें एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य एवं पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें, रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल एवं कच्चा आम का सर्वत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठंडे पानी से स्नान करायें या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।

---

**अग्निहोत्री फार्म हाउस के सामने कार्यवाही के नाम पर जिला प्रशासन बौना साबित हो रहा?**

# डॉक्टर सूत्रकार ने फर्जी किसान मेला में खर्चा दिखाकर 4 लाख की राशि डकार गए, कलेक्टर मौन?

## डॉक्टर सूत्रकार आत्मा संचालक ने सारे नियमों को दरकिनार कर जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया




**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** बीते मार्च माह 2025 में डॉक्टर बीपी सूत्रकार परियोजना संचालक आत्मा द्वारा जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला बड़ा मलहरा विकासखंड अंतर्गत प्राइवेट अग्निहोत्री फार्म हाउस पर आयोजित किया गया था। जिसमे मेला के स्थान पर होली मिलन कार्यक्रम समारोह रखा गया था। परियोजना संचालक आत्मा द्वारा यह मेला करीब 4 लख रुपए का बजट का लगाया गया था। इस मेले ने जैसे ही अखबार, सोशल मीडिया की सुर्खियां बटोरना शुरू की तो कलेक्टर ने कहा था कि प्राइवेट जगह पर मेला लगाना गलत है, और इसकी जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने कलेक्टर छतरपुर कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। जिसका फायदा उठाकर डॉक्टर सूत्रकार ने 4 लाख के फर्जी वाउचर लगाकर मेला की राशि हजम कर दी।

सव मिशन ऑन एगीकल्चर एक्टेंशन आत्मा योजना के तहत कृषि विज्ञान मेले के आयोजन हेतु संचालन किसान कल्याण तथा कृषि विभाग भोपाल द्वारा निर्देश दिए गए थे। इन मेंलो का उददेश्य कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढाने में उन्नत कृषि तकनीक को अपनाना आवश्यक है। जिसके प्रचार-प्रसार के लिए किसान मेले का आयोजन माह मार्च में किया गया, लेकिन




यह कृषि विज्ञान मेला जिला पंचायत अध्यक्ष के निजी फार्म हाउस में आयोजित किए जाने पर होली मिलन कार्यक्रम में बदल गया। जिससे किसानों को उन्नत कृषि तकनीक के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हो सकी, बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष के वार्ड से पहुचें किसानो ने परशपर होली मिलन कार्यक्रम मनाया और इसमें सरकारी राशि का दुरउपयोग किया गया। जिला प्रशासन जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने बौना साबित हो गया ।जो किसान कृषि विभाग की उन्नत कृषि की जानकारी प्राप्त करने आए थे, उन्हे जानकारी मिलना तो दूर की बात रही। कृषि मेले से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नही दी गई। कुल मिलाकर कृषि विभाग की आत्मा परियोजना द्वारा आयोजित यह किसान मेला और सहप्रदर्शनी भ्रष्टाचार की भेट चढ गई। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिला प्रशासन सफेद पोश नेताओं के इसारे पर काम कर रहा है।

### कब और कहाँ हुआ किसान मेला -

कृषि विभाग की आत्मा परियोजना संचालक डॉक्टर सूत्रकार के द्वारा यह किसान मेला बड़ामलहा विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत के निजी फार्म हाउस मुगवारी में 16 मार्च 2025 को लगाया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष विधाहरिओम अग्रिहोत्री का होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। सरकारी कार्यक्रम में निजी कार्यक्रम का आयोजन होना निश्चित ही भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। कृषि परियोजना संचालक आत्मा के परियोजना संचालक डॉ बी.पी सुत्रकार के संरक्षण में सरकारी कार्यक्रम को निजी कार्यक्रम में बदल दिया गया और शासन के लाखों रूपए बर्बाद कर दिए गय। मेले में सहप्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाना था, लेकिन होली मिलन कार्यक्रम के चलते कोई प्रदर्शनी आयोजित नही की गई। जिससे किसानो को किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त नही हुई थी। किसान मेला कम होली मिलन कार्यक्रम ज्यादा बने इस कार्यक्रम में हजारों किसानों के आने का दाबा किया गया, लेकिन बड़ामलहरा के आस-पास के चंद गांव के ही किसान इस मेले में शामिल हुए और हजारो किसानों के शामिल होने के नाम पर विभिन्न खर्चे के फर्जी बिल लगा दिए गए।

### हमेशा से विवादों में रहे डॉ. बीपी सूत्रकार -



कृषि विभाग की परियोजना आत्मा में पदस्थ डॉक्टर बी.पी. सूत्रकार हमेशा विबादों के घेरे में रहे है। बह प्रभारी उपसंचालक

कृषि के पद पर रहते हुए निलबिंत भी हुए थे। उन पर तमाम आरोप भी लगे थे तब सागर संभाग के कमिश्नर ने उन्हे निलबिंत भी कर दिया था। इनके द्वारा कृषि उपज मंडी में 2 जून 2023 को किसान मेले का आयोजन किया गया था। जिस पर भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जांच के दौरान पाया गया था कि इनके द्वारा कृषि विज्ञान मेंले के आयोजन में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। और उन्हे निर्देश दिए गए थे भबिष्य में किसी भी प्रकार के मेंले का आयोजन न करें उनसे इस तरह के आयोजन के अधिकार छीन लिए गए थे। क्योंकि मेले के आयोजन में उनके द्वारा सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया था अब पुनः जिला पंचायत अध्यक्ष के फार्म हाउस मे किसान मेला सह प्रदर्शनी कर 4 लाख रूपये का घोटाला किया गया है।

### जिला की जगह बड़ामलहरा विकासखड़ के प्राइवेट फार्म हाउस पर किया मेले का आयोजन -

शासन के निर्देश है कि जिला स्तर पर कृषि विज्ञान मेले का आयोजन किया जाए आत्मा परियोजना के उपसंचालक डा.बी.पी सूत्रकार ने इस मेले को विकासखंण्ड स्तर पर आयोजित करा दिया। जिस कारण पूरे जिले के किसान शामिल नही हो सके और ना ही कृषि विभाग के उपसंचालक व जिले के अन्य अधिकारी शामिल हुए। सभी को यह पता था कि यह किसान मेला नही बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष के इसारे पर उनके फार्म हाउस पर उनके ही समर्थकों का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसे किसान सम्मेलन का रूप दिया गया। लेकिन इस किसान सम्मेलन में कोई भी किसान योजना से लाभन्वित नही हुआ।

### पूर्व में क्या क्या लगे थे सूत्रकार पर आरोप -

कमिश्नर सागर द्वारा 29 जनवरी 2024 को एक पत्र निलबिंत उपसंचालक कृषि डॉ. बी.पी. सुत्रकार को लिखा गया था कि आपके विरूध्द नौ आरोप है क्या आप इन आरोपों के व्यक्तिगत सुनवाई या मौखिक सुनवाई के लिए इच्छुक है। डॉ. सुत्रकार पर जो आरोप लगे थे उनमें उर्वरक की मानीटीरिंग, कालाबजारी में सम्मिलित होना कार्यवाही को जानबुझकर बिलबिंत एवं द्वेंषपूर्ण बनाना जब्त उर्वरकों को रिलीज कराना, समयसीमा में दिए गए निर्देशों का समाधान कारक जबाव प्रस्तुत न करना, नीति न होने के बाबजुद आत्मा योजना में पदस्थ सविंदा कमियों का स्थानतंरण कराना , आत्मागवर्निग बोर्ड की बैठक आहुत न कराना, आत्मा योजना अंतर्गत नवाचार एवं प्रदर्शन घटक के तहत निजी विक्रेताओं से बीज क्रय कर नियमों का उल्लंघन करना, आत्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय मेले का आयोजन न कर अनियमित भुरगतान कर राशि का दुरूपयोग करना और विकसित भारत संकल्प यात्रा में रूचि न लेने के आरोप है। इनका यह कृत्य शासकीय सेबक के आचरण के विपरित होकर गंभीर कदाचरण की श्रेणी में था इसलिए डॉ. सुत्रकार को निलबिंत किया गया था और फिर बहाली होने के बाद आत्मा परियोजना के उपसंचालक का पद हथिया लिया था।

### इनका कहना है -

मैंने कार्यवाही करने के लिए उपसंचालक कृषि को बोला था, मैं अभी पुनः बात करता हूं कि क्या कार्यवाही की है।

**पार्थ जायसवाल**
**कलेक्टर छतरपुर**

मेले की जानकारी के लिए डॉक्टर सूत्रकार से बोला था लेकिन आज दिनांक तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई मुझे, शासन के नियम के अनुसार मेला जिला स्तर पर होना चाहिए और प्राइवेट जगह पर लगाना गलत है।

**डॉक्टर केके वैद्य**
**प्रभारी, उपसंचालक कृषि छतरपुर**

---

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग: 9 दुकानें जलकर खाक, 60 लाख का अनुमानित नुकसान

### विधायक ने की सहायता राशि देने की घोषणा, फायर ब्रिगेड की लापरवाही आई सामने

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर**





सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नंबर दो बस स्टैंड पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिससे नौ दुकानें जलकर खाक हो गईं। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन 50 से 60 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।जानकारी के अनुसार रात लगभग 12 बजे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़की, जिसने पास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानदार सीताराम लखेरा ने बताया कि उन्हें रात 2 बजे आग की जानकारी मिली। जब तक वे मौके पर पहुंचे, आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की सूचना पर सीएसपी अमन मिश्रा सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। छतरपुर सहित बिजावर, महाराजपुर, गढ़ी मलहरा और नौगांव से फायर ब्रिगेड की पांच मशीनें बुलाई गईं, तब कहीं जाकर सुबह 3:45 बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगरपालिका छतरपुर की तीन बड़ी फायर ब्रिगेड मशीनें खराब पड़ी हैं, जिस कारण सिर्फ एक छोटी मशीन से आग बुझाने की कोशिश की गई। यदि समय पर बड़ी मशीनें उपलब्ध होतीं, तो नुकसान को कम किया जा सकता था।

घटना की जानकारी मिलते ही सुबह क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव मौके पर पहुंचीं और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही अपनी स्वेच्छानिधि से प्रत्येक पीड़ित दुकानदार को 25-25 हजार रुपये देने की घोषणा की। नगरपालिका सीएमओ भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रशासन ने आग के कारण हुए नुकसान की जांच शुरू कर दी है और प्रभावितों को राहत दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिला मजिस्ट्रेट ने 4 उपकेंद्रों पर अति उच्च दाब के कारण प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

### नौगांव, खजुराहो, लवकुशनगर एवं बड़ामलहरा के 132 के.व्ही. के उपकेंद्र प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** कार्यपालन अभियंता (परीक्षण) संभाग पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम टीकमगढ़ के द्वारा अति उच्च दाब उपकेन्द्रों को सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के लिए निम्नानुसार अति. उच्च दाब उपकेन्द्र कार्यरत उपकेन्द्र की स्थान, क्षमता 132 के व्ही. उपकेन्द्र नौगांव, खजुराहो, लवकुश नगर, बड़ामलहरा जिला छतरपुर (म.प्र.) उक्त विवरणानुसार इण्डियन ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट 1923 की धारा-2 (बी) (डी) के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित जिनके तहत उपरोक्त क्षेत्रों में इन उपरोक्त उपकेन्द्रों द्वारा सतत विद्युत प्रवाह किया जाता है। अक्सर रबी फसलों के सीजन के समय में बारिश के मौसम में बिजली वाधित होने की स्थिति में कई बार असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ एवं आगजनी स्थितियां निर्मित हो जाती है। साथ ही अति उच्च दाब उपकेन्द्रों में लाईव यार्ड रहता है (बिजली लाईने चालू रहती है) जिसमें किसी व्यक्ति के अनाधिकृत प्रवेश करने पर कोई भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कार्यवाही के लिए अति उच्च दाब उपकेन्द्रो को इंडियन ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट 1923 की धारा-2 (बी) (डी) के तहत उक्त क्षेत्रों को प्रबंधित क्षेत्र घोषित किया है। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

# रास्ते के विवाद को लेकर जानलेवा हमला, छह लोग घायल



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** थाना मातगुवां अंतर्गत ग्राम सासनगर में बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इस कदर बढ़ा कि एक पक्ष ने लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी, फरसा और कासी से हमला कर दिया, जिससे छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में हरीराम अहिवार (40), उनकी पत्नी प्यारी अहिवार (39), पुत्री शिवानी (19), पुत्र सुराज (17), कमलेश अहिवार (22) और अखिलेश अहिवार (18) शामिल हैं। सभी को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरीराम के पुत्र सूरज और अखिलेश सुबह दूध लेकर गांव की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में ब्रजकिशोर और तुलसीदास ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की। फिर बहाने से उन्हें घर बुलाया गया, जहां पहले से मौजूद करीब 20-25 लोगों ने एक साथ हमला बोल दिया। हमले में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया और दांतों से काटा गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, आरोपी ब्रजकिशोर, तुलसीदास, टिंकू, कमलेश, लखन, हल्के, भगवंता कुमार समेत तीन महिलाएँ भी शामिल थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

### मामले की जांच में जुटी पुलिस



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** शहर में मंगलवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना महोबा रोड छात्रावास के पास की है, जहां पांच हमलावरों ने युवक को रास्ते में रोककर डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। घायल को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक राजा खान (20), निवासी वार्ड क्रमांक 5 टौरिया मोहल्ला, रात में बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महोबा रोड छात्रावास के पास पहले से घात लगाए बैठे पांच लोगों ने उसकी बाइक रोककर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घायल अवस्था में वह करीब डेढ़ घंटे तक मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में उसकी पत्नी और परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। घायल राजा ने बताया कि तीन महीने पहले वह अपने दोस्त कल्लू के भाई की पत्नी के साथ घूमने गया था, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया गया था। उसी रंजिश को लेकर कल्लू, उसके बेटे सोहिल, साहिल और दो अन्य साथियों ने मिलकर उस पर हमला किया। हमले में राजा के दोनों हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं और वह कुछ समय के लिए बेहोश हो गया था। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शिकायत और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिन से भर्ती मरीज को नहीं देख रहे डॉक्टर, इमरजेंसी में भी डॉक्टर नदारद

### जिला अस्पताल की लापरवाही से मरीज परेशान

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार सुबह इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर के समय पर मौजूद न होने से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं चौथी मंजिल के मेडिसिन वार्ड में भर्ती 60 वर्षीय बुजुर्ग मरीज को तीन दिन बीत जाने के बाद भी डॉक्टर ने नहीं देखा, जिससे उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। पनागर निवासी छोटेलाल चौरसिया (60) को सोमवार रात तेज बुखार के चलते जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें इलाज के बाद मेडिसिन वार्ड में भर्ती कर दिया गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि तीन दिन बीतने के बावजूद कोई डॉक्टर उन्हें देखने नहीं आया। मरीज ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।



बुधवार सुबह छोटेलाल अपने भांजे सीताराम के साथ इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे, जहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। आधा घंटे इंतजार के बाद सुबह 9:10 बजे डॉक्टर अरविंद सिंह पहुंचे और इलाज शुरू किया। जानकारी के अनुसार रात की ड्यूटी डॉ. आशीष शुक्ला की थी, जो सुबह 8 बजे घर चले गए, जबकि उनकी जगह ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अरविंद सिंह निर्धारित समय से एक घंटे देर से पहुंचे। बुजुर्ग मरीज छोटेलाल चौरसिया ने बताया, तीन दिन से बुखार है, डॉक्टर न तो देखने आया और न ही किसी तरह की जांच करवाई गई है। केवल नर्सें आकर इंजेक्शन दे रही हैं, लेकिन आराम नहीं मिल रहा। इमरजेंसी में पहुंची एक अन्य मरीज रीना अहिरवार ने बताया कि वह पेट दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल आई थीं, लेकिन आधे घंटे से डॉक्टर का इंतजार कर रही हैं। इस संबंध में जब सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया से बात की गई, तो उन्होंने कहा, अभी हाल ही में मैंने पदभार संभाला है, व्यवस्था सुधारने में थोड़ा समय लगेगा। एक हफ्ते में सुधार दिखेगा। वहीं सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने कहा कि वे इस मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करेंगे।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 1.85 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।**

म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1.85 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही रामजी यादव पिता बंदू यादव निवासी ग्राम नैनागिर तह. बक्सवाहा को 25 हजार रुपए, सुनीता देवी दुबे पति राम नारायण दुबे नि. ग्राम नारायणपुरा सौरा को 60 हजार रुपए, बबली पटेल हिरदेश पटेल नि. फकीरपुरवा पाय को 35 हजार रुपए, सावित्री रजक पति बलदाऊ नि. वार्ड नं 1 नल के पास ग्राम राजगढ़ को 35 हजार रुपए एवं मास्टर ध्रुव पांडे पिता रामनरेश पांडे नि. ग्राम मैदनीपुरा खेरकलां जिला छतरपुर को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## खबर संक्षेप

### किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ



**हरिभूमि न्यूज रीवा**। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

### बका लेकर घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**उमरियापान**। किसी वारदात को कारित करने की नीयत से बक लेकर घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया है । पुलिस द्वारा दौरान ईलाका भ्रमण के सूचना मिली कि ग्राम हरदी मोड नारायण पटेल के प्लाट के सामने आम रोड पर एक व्यक्ति अबैध रूप से बका लिये आने जाने वाले लोगो को गाली गुप्तार कर डरा धमका कर मारने पीटने बोल रहा है। जिसकी सूचना पर सहायक उप निरीक्षक कोदूलाल दाहिया हमराह स्टाफ एवं गवाहों के ग्राम हरदी मोड नारायण पटेल के प्लाट के सामने आम रोड पर पहुचे जहां एक व्यक्ति मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पूछने पर अपना दिनेश कुमार मेहरा पिता राजेन्द्र मेहरा 25 वर्ष नि. ग्राम हरदी थाना उमरियापान का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक धारदार बका लिये मिला जिसके विरुद्ध थाना उमरियापान में धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से न्यायालय के आदेश से जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया है ।

### एक लाख रूपए किये पार

**कटनी**। बड़वारा क्षेत्र में चोरो ने एक लाख रूपए पार कर दिये। जानकार अनुसार विलायतकला स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 65 वर्षीय शिव प्रसाद नायक अपनी जमा पूंजी निकलवाने बैंक गए थे। चौरों द्वारा उनको बैंक से पीछा करना चालू किया। नायक ने विलायत कला बस स्टैंड में जैसे ही गाड़ी खड़ी की वैसे ही चोरों ने एक लाख रुपए पार कर दिए। क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। हाल ही में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं।

## सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतें तत्काल निराकरण करें, ईकेवाइसी के साथ विषमता वाले परिवारों के नाम पोर्टल से पृथक करें

**हरिभूमि न्यूज रीवा**



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्काल निराकरण करायें। समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करें। अभी भी लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बिजली बिलों के सुधार तथा बिजली आपूर्ति से संबंधित सभी आवेदनों का तीन दिवस में निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि फसलों की कटाई के बाद खेत खाली हैं। एसडीएम और तहसीलदार टीम बनाकर सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज सीमांकन के सभी प्रकरण 7 दिवस में निराकृत करें। पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक का दल बनाकर उन्हें सीमांकन का दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें। सीमांकन होने के बाद पोर्टल पर जानकारी दर्ज कर लंबित आवेदनों का निराकरण करें। समग्र पोर्टल में ईकेवाइसी अपडेशन की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अपर कलेक्टर समुचित कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों का ईकेवाईसी अपडेशन अभी केवल 80 प्रतिशत हुआ है। शेष बचे हितग्राहियों का 15 मई से पहले ईकेवाईसी अपडेट कराने के साथ विषमता परिवार, मृत सदस्यों तथा स्थाई रूप से पलायन करने वालों का नाम पोर्टल से पृथक करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में निर्धारित सभी बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करें। उप संचालक कृषि द्वारा पंचनामें के साथ नरवाई की घटनाओं की रिपोर्ट दी गयी है। सेटेलाइट से प्राप्त इस रिपोर्ट के आधार पर नरवाई जलाने वालों पर एसडीएम और तहसीलदार दो दिवस में जुर्माने की कार्यवाही करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षण के कार्यों की प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृत जारी कराके खेत तालाब और अमृत सरोबरों का निर्माण शुरू करायें। वाटर हार्वेिटग और हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने का भी अभियान चलाये। भारत सरकार द्वारा देश को क्षय रोग से मुक्त बनाने के लिए क्षय नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत क्षय रोग से पीड़ति रोगी को स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों के सहयोग से निर्धारित सहयोग राशि लेकर 6 माह तक अतिरिक्त पोषण आहार दिया जाता है। सभी अधिकारी निक्षयमित्र बनकर कम से कम एक क्षय रोगी को पोषण आहार बास्केट देने में सहयोग करें। बैठक में कलेक्टर ने सड़क तथा नाली निर्माण के लिए पेयजल जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल पेयजल पाइप लाइन में सुधार कराकर पेयजल की आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सभी एसडीएम जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## दुल्हन की विदाई से पहले मौत का मातम, डीजे लोड पिकअप वाहन की चपेट में आने से देवर की मौके पर मौत

**हरिभूमि न्यूज रीवा**

जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शादी की खुशियां अचानक मातम में बदलने का मामला सामने आया है, बता दे सेमरिया थाना क्षेत्र के मकरवट गांव में एक विवाह समारोह के दौरान उस वक्त हर्षोल्लास की जगह चीख-पुकार गूंज उठी जब एक दर्दनाक हादसे में दूल्हे के छोटे भाई की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विदाई से कुछ ही घंटे पहले एक डीजे पिकअप वाहन ने मासूम देवर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार तड़के की है जब विवाह समारोह अपने अंतिम चरण में था। जानकारी के मुताबिक मकरवट गांव में साकेत परिवार के घर विवाह समारोह आयोजित था। बारात पिपरी टोला, थाना बिरसिंहपुर से आई थी। रात भर की रस्मों के बाद जैसे ही सुबह का सन्नाटा पसरा, उसी दौरान यह हादसा हो गया। दूल्हे का 11 वर्षीय भाई प्रांशु साकेत मंडप के पास ज़मीन पर बिछे गद्दे में सो रहा था। इसी दौरान समारोह में शामिल एक डीजे पिकअप वाहन पीछे की ओर आते हुए अचानक उससे टकरा गया और उसे रौंदते हुए निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक को अंदाजा तक नहीं था कि वहां कोई बच्चा सो रहा है। परिजनों ने आनन-फानन में प्रांशु को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 11 साल की मासूम मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस घर से सुबह बहू की विदाई होनी थी, वहां बेटे की अर्थी उठी। घटना की सूचना मिलते ही सेमरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है और ड्राइवर की पहचान कर पूछताछ जारी है।बॉक्स सजावटों के बीच पसरा सन्नाटापूरे गांव में गम का माहौल है। फूलों से सजी गाड़ी, मंडप की झालरें और बजता हुआ डीजे अचानक थम गया। लोगों के चेहरों पर मातम था, और हर किसी की आंखें नम। साकेत परिवार की खुशियां इस हादसे के बाद जैसे थम सी गईं। शादी की सभी रस्में स्थगित कर दी गईं।

## बाल संप्रेक्षण गृह में किशोर से क्रूरता दो कर्मचारियों पर हुआ मामला दर्ज




**हरिभूमि न्यूज रीवा**

शहर के बाल संप्रेक्षण गृह में बंद एक किशोर के साथ की गई मारपीट का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है, जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को एक विधि विवादित बालक ने बंदी गृह से भागने की कोशिश की थी। बालक को पकड़ने के बाद गृह के दो कर्मचारियों ने उसे कार्यालय में ले जाकर बेरहमी से पीटा। यह पूरी घटना बंदी गृह में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोर न्याय बोर्ड के न्यायाधीश नियमित निरीक्षण पर बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पीड़ित किशोर ने पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया। न्यायाधीश द्वारा गंभीरता से लिए गए इस मामले की जांच कराई गई और पूरी रिपोर्ट समान थाना पुलिस को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के आधार पर समान थाना पुलिस ने 3 मई को दो कर्मचारियों ओंकार नाथ त्रिपाठी और पुष्पराज सिंह (दोनों सहायक ग्रेड-3 के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और किशोर न्याय अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित किशोर की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें उसके शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं। इस आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और पूछताछ की जा रही है।

## डीजे लोड पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, दर्जन भर महिला पुरुष घायल

**हरिभूमि न्यूज रीवा**



एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बारात में डीजे और रोड लाइट लेकर महिला और पुरुष श्रमिक गए हुए थे जहां से लौटते समय वो हादसे का शिकार हो गए। अनियंत्रित डीजे लोड पिकअप वाहन पलट जाने के कारण उसमें सवार दर्जन भर से ज्यादा महिला और पुरुष घायल हो गए । घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। देर रात हुई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में घायल सम्राट रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि वह डीजे लोड पिकअप वाहन में बैठकर बारात से वापस लौट रहा था इस दौरान रोड लाइट लेकर चलने वाली महिलाएं युवतियां और पुरुष भी पिकप में बैठे हुए थे । सम्राट ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन जैसे ही पपरा घाटी से नीचे उतरने लगा तभी तालाब के समीप चालक ने उस वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलट गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## दो माह पूर्व हुई चोरी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, सिटी कोतवाली पुलिस कर रही थी तलाश




**हरिभूमि न्यूज रीवा**

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघर में 02 माह पहले हुई 13 लाख रु. की चोरी मे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जानकारी के मुताबिक फरियादी सुरेश मोहनानी पिता विजय कुमार मोहनानी निवासी अर्जुन नगर थाना अमहिया ने 17 मार्च 2024 को थाना कोतवाली में शिकात दर्ज करवाई थी उसके लक्स गारमेण्ट एजेंसी के गोदाम में रखे अण्डरगार्मेन्ट के कार्टून चोरी हो गए है। करीब 13 लाख रुपए की चोरी आरोपियों ने शातिराना तरीके से की थी। प्रकरण में पूर्व मे 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे चोरी गया माल जप्त किया था, जबकि चौथा फरार आरोपी धर्मेन्द्र कुमार साहू पिता राजबहोर साहू उम्र 30 निवासी रघुराजगढ़ थाना मनगवां घटना दिनांक के बाद से फरार जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



## पुलिस एवं सेना भर्ती का प्रशिक्षण प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज रीवा** । खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पार्थ योजना के तहत पुलिस एवं आर्मी भर्ती ट्रेनिंग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ की गई। द्वितीय चरण में आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया एवं मानसिक दक्षता बढाने के लिए कक्षाएँ की प्रारंभ की गई। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि ₹पार्थ योजना₹ का द्वितीय चरण स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ हुआ जिसमें बालक एवं बालिकाओं के मेडिकल परीक्षण एवं मानसिक दक्षता कोचिंग क्लॉसेस प्रारंभ किये गये। ₹पार्थ योजना₹ में इच्छुक बालक एवं बालिका स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा मे मोबाईल नम्बर 9755618571, 7224926265 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## भुवन ऋभु बने वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले बने पहले भारतीय अधिवक्ता

**सहयोगी संगठन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा के साथ मिलकर बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका**



**हरिभूमि न्यूज रीवा** । भुवन ऋभु रीवा में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है,जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं,जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है, भुवन ऋभु के कानूनी हस्तक्षेपों का शोषण व उत्पीड़न के लिहाज से संवेदनशील बच्चों के हक में राज्य स्तर पर व रीवा में बाल अधिकार नीतियों पर असर देखने को मिला है, इस वैश्विक मान्यता से बाल अधिकारों की सुरक्षा व रीवा को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। बता दें प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का मध्यप्रदेश और खास तौर से रीवा से गहरा नाता रहा है जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं।डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच हुए इस कार्यक्रम में दुनिया के 70 से ज़्यादा देशों से आए लगभग 1500 विधिवेत्ता और 300 से अधिकवक्ता शामिल हुए। इस मौके पर दुनिया की सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट संस्था ने भुवन ऋभु को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए दो दशकों से ज़्यादा समय से किए जा रहे उनके बेहतरीन काम- चाहे वो क़ानूनी लड़ाइयां हों या जमीनी जागरूकता- के लिए सम्मानित किया। डोमिनिकन रिपब्लिक के श्रम मंत्री एडी ओलिवारेज ऑर्तेगा और वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने उन्हें 'मेडल ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इस अवसर पर डोमिनिकन रिपब्लिक की महिला विभाग की मंत्री मायरा जिमेनेज भी उपस्थित थी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: पीएचई कर रहा पाइप लाइनों में सुधार





**हरिभूमि न्यूज रीवा**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन जल संरचनाओं का निर्माण करने के साथ-साथ पानी को व्यर्थ करने से बचाने के भी प्रयास किये जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर नल जल योजना की पाइप लाइनों के लिकेज दूर किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट का निर्माण भी कराया जा रहा है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उप यंत्री लगातार भ्रमण करके नल जल योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। गत दिवस रीवा विकासखण्ड के ग्राम भिटवा और रौसर की नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इसी तरह ग्राम गोड़हर की नल जल योजना में पाइप लाइन का सुधार कराया गया। ग्राम नर्रहा में तथा हर्दी में जल संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। नर्रहा में नल जल योजना का सुधार कराके पानी की आपूर्ति शुरू की गयी। इसी तरह रायपुर कर्चुलियान के विकासखण्ड ग्राम हर्दी, सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम बदरौव पिपरियान में पाइप लाइन में सुधार कार्य कराया गया। ग्राम पंचायतों के सहयोग से हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने के कार्य भी लगातार किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कलवारी तथा कटरा में नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत करहिया नं. एक में जन चौपाल का आयोजन करके आमजनता को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। गांव की नल जल योजना तथा ग्राम अगडाल की नल जल योजना का निरीक्षण करके उनमें आवश्यक सुधार कराया गया।

## मऊगंज में गेहूं उपार्जन की तारीख बढ़ाने एसीएस फूड को कलेक्टर ने दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज मऊगंज**। जिले में गेहूं उपार्जन की तिथि समाप्त होने से किसानों के साथ संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है अभी ज्यादातर ऐसे कृषक है जिनकी गेहूं की कटाई और गहाई नहीं हो पाई है जिसको लेकर किसानों ने कलेक्टर मऊगंज से उपार्जन तारीख बढ़ाने की बात कही गई है वहीं कलेक्टर संजय जैन ने एसीएस फूड को इस संबंध में जानकारी भेजी गई है जल्द ही इस संबंध में जानकारी दी जाएगी कलेक्टर द्वारा बताया गया कि उपार्जन की तारीख बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे अत्यधिक मात्रा में गेहूं उपार्जन किया जा सके जिले में 7526 कृषक पंजीकृत है कुल जिले में 25 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं अब तक 92 हजार 328 क्विंटल गेहूं खरीदी की जा चुकी है जबकि सरकार का लक्ष्य एक लाख दो सौ क्विंटल की बताई जा रही है जिन किसानों को टोकन मिल चुका था उनके लिए सात मई उपार्जन की आखिरी आखिरी थी यदि गेहूं खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई जाती तो किसानों के लिए विषम परिस्थिति निर्मित होंगी अभी ज्यादातर किसान गेहूं की कटाई और गहाई नहीं कर पाए है जिससे उनके पास संकट की स्थिति हो सकती है कलेक्टर द्वारा इस दिशा में प्रयास किया जा रहा हैं जिससे उपार्जन की तारीख बढ़ाई जा सके और अत्यधिक मात्रा में गेहूं खरीदी की जा सके।

## अनियंत्रित होकर बाइक से गिरने से एक व्यक्ति की मौत, एक की हालत गंभीर

### हनुमना थाना क्षेत्र हाटा चौकी अंतर्गत हुई घटना



**हरिभूमि न्यूज मऊगंज**। जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटा चौकी क्षेत्र के लोढ़ी गांव के पास बाइक में सवार होकर जा रहै दो व्यक्ति बाइक से अचानक टर्निंग मोड मोड में अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण बाइक में सवार दो में से एक की मौत हो गई एक की हालत गंभीर होने के कारण हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रीवा के लिए रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत जहां मोहन साहू पिता श्यामलाल साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत गोइडर गांव कोन के निवासी बताए गए। जिनकी दुर्घटना में मौत हो गई है ।वही बाइक में सवार पन्नालाल कोल पिता फौजदार कोल उम्र 49 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना से रीवा के लिए रेफर किया गया है। दोनों व्यक्ति एक ही बाइक में सवार होकर लोढ़ी से गांव की ओर आ रहे थे घटना की जानकारी होते ही पुलिस के द्वारा जहां मृतक की बॉडी को हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही हनुमना नगर के भाजपा नेता रामबाबू गुप्ता भी परिजनों के बीच पहुंचे जहां डॉक्टरों सहित पुलिस से बात करके हर संभव मदद के लिए भरोसा परिजनों दिलाई और साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच परिजनों से मिले भी अस्पताल पहुंचकर मदद किये। वहीं पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करके आगे की जांच शुरू कर दी गई है।